

एक नजर में



## मुशायरा कमेटी ने किया दो हस्तियों का सम्मान

**उज्जैन।** उज्जैन मुशायरा कमेटी द्वारा शहर के दो समाजसेवियों का आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। जाहिद नूर खान एडवोकेट तथा मोहम्मद साहब को उमराह के पवित्र सफर से लौटने पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह कमेटी के कन्वीनर शकील सिद्दीकी पटवारी के नेतृत्व में पूर्व पार्षद जफर सिद्दीकी के कार्यालय पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष योगेश व्यास, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, तोपखाना व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष फारुख पहलवान, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जब्बार शेख, जज्बा सोशल फाउंडेशन अध्यक्ष सरफराज कुरैशी, अल्फाबेट अकादमी के संचालक नईम खान, गजेन्द्र शर्मा, पत्रकार रशीद खान, पूर्व पार्षद जफर सिद्दीकी, मुजीब भाई सुपारी वाले, रागिब हाशमी, वहीद कोटवी, भूरु शेख, नसीम अली पीरजी, बबलू भाई, सलीम कप्तान, फिटवेल मास्टर, गुड्डू भाई कबाड़ी और जाकिर भाई सहित शहर के कई प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## कवियों ने किया उज्जैन का गुणगान



**उज्जैन।** विश्व जागृति मिशन द्वारा सुधांशु महाराज का जन्मोत्सव उल्लास पर्व के रूप में अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जन जातीय विभाग के सहायक संचालक पं. लोकेंद्र शास्त्री उपस्थित रहे। पं. शास्त्री ने अपने प्रेरक और विचारवान उद्बोधन से आयोजन को नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने उज्जैन नगरी की महिमा से जुड़े कई अनूठे पहलुओं को साझा किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने गीता और विष्णु सहस्त्रनाम आदि ग्रंथों के विभिन्न प्रसंगों को उद्धृत करते हुए जीवनोपयोगी संदेश दिए। उनकी रोचक वाणी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में काव्य रस की भी वर्षा हुई। कवि राहुल शर्मा ने उज्जैन नगरी की महिमा को अपनी कविताओं में पिरोया, जिसकी श्रोताओं ने खूब सराहना की। कवि विक्रम विवेक ने पारिवारिक विषयों पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर उपस्थित जनसमूह को आनंदित किया और जमकर तालियां बटोरीं। कवि अशोक भाटी ने भी शानदार काव्य पाठ किया। मिशन द्वारा अतिथियों का सम्मान शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। सम्मान की प्रक्रिया में उज्जैन मंडल के प्रधान डीडी पंचोली, जीएल सोलंकी, जौहरे, राजू राजवानी, अरविंद पाटीदार, आशा पंचोली, भावना श्रीवास्तव, सीमा पाटीदार, पदम कुंवर और किरण प्रजापत सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में श्री डाबरे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पंजा कुश्ती में उज्जैन ने जीते 23 पदक

**उज्जैन।** भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 23 पदक अपने नाम किए हैं। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के तत्वावधान और भोपाल पंजा कुश्ती संघ द्वारा किया गया था। उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष गोपाल यादव और सचिव प्रतीक सिंह तोमर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 275 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जितेंद्र सिंह कुशवाह और रवि मालवीय के नेतृत्व में गई उज्जैन की टीम ने सब जूनियर, जूनियर, यूथ तथा सीनियर पुरुष और महिला वर्ग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उज्जैन के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 10 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य पदकों पर अधिकार जमाया। विजेता खिलाड़ियों में अजय आंजना, अदनान, यावर अली, आदर्श शर्मा और महिला वर्ग में योगिता राज गोस्वामी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं वरेण्यम, नवीन राठौर, आदर्श शर्मा व रोहित डोडिया ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा संदीप परमार, दक्ष सिंह कुशवाह, तुषार श्रीवास, हिमांशु राणा, वीरेन्द्र आंजना तथा अमित गांधर्व ने कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर संदीप सिंह कुशवाह, श्रीवास और आकाश यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

# हरियाली के साथ विकास को गति, सिंहस्थ की तैयारी में प्रशासन अलर्ट

## प्रशासनिक भवन और गीता भवन के निर्माण का निरीक्षण, पेशवाई मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**उज्जैन। शहर में तेजी से चल रहे निर्माण कार्यों के बीच प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्माणाधीन संयुक्त प्रशासनिक भवन और गीता भवन का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके साथ ही संभागायुक्त आशीष सिंह के साथ सिंहस्थ 2028 के लिए प्रस्तावित पेशवाई मार्ग का भी जायजा लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की आड़ में पेड़ों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य इस तरह से किए जाएं कि अधिकतम पेड़ सुरक्षित रहें। साथ ही भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद परिसर में नीम, पीपल और अन्य छायादार वृक्षों का बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाए, ताकि आने वाले समय में पर्यावरण संतुलन बना रहे। माधवनगर स्थित पुलिस कंट्रोल रूम के सामने बन रहे संयुक्त प्रशासनिक भवन का निरीक्षण करते



हुए कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए भूतल स्तर के निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने को कहा, ताकि जलभराव जैसी समस्या उत्पन्न न हो। लगभग 4500 वर्गमीटर क्षेत्र में बन रहा यह बहुमंजिला भवन प्रदेश का पहला ऐसा संयुक्त प्रशासनिक परिसर होगा, जहां कलेक्टर, एसपी कार्यालय सहित कई विभाग एक ही छत के नीचे संचालित होंगे इसके बाद देवास रोड स्थित निर्माणाधीन गीता भवन का निरीक्षण किया गया। यहां कलेक्टर ने निर्माण सामग्री, विशेष रूप से लोहे के सरियों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की और निर्माण में मानकों का सख्ती से पालन करने को कहा। सभागृह, पार्किंग और मुख्य द्वार के निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साइट पर जिम्मेदार इंजीनियर की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया गया कि समय-सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

करीब 5.11 एकड़ क्षेत्र में निर्मित हो रहा गीता भवन एक आधुनिक और बहुउद्देशीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां अध्ययन, शोध, सांस्कृतिक विमर्श और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### नीलगंगा पहुंचे अफसर

इसी क्रम में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने जमीन पर उतरकर व्यवस्थाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नीलगंगा पड़ाव स्थल से शैव और उदासीन अखाड़ों की पेशवाई मार्ग का निरीक्षण किया। यह मार्ग नीलगंगा से प्रारंभ होकर तीन बत्ती चौराहा, टावर चौक, फ्रीगंज ब्रिज होते हुए देवासगेट तक जाएगा।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं

इस भवन में आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जा रहा है, जिसमें तीन स्तर का मल्टीलेवल पार्किंग एरिया, बैठक कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, केंटीन, लिफ्ट और अग्निशमन प्रणाली शामिल है। निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता से कोई समझौता न करने और तय समय-सीमा सितंबर 2027 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विदित हो कि अफसर भीषण गर्मी में भी निर्माण कार्यों का जायजा ले रहे हैं।

### आकर्षक का केंद्र पेशवाई

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पेशवाई मार्ग में आने वाले सभी अतिक्रमण समय रहते हटाए जाएं और सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। सिंहस्थ के दौरान निकलने वाली अखाड़ों की पेशवाई लाखों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होती है, जिसे देखते हुए व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे, इस पर विशेष जोर दिया गया।

## सिम पोर्ट के पैसे मांगे तो दो पर भाइयों किया हमला

**उज्जैन।** मोबाइल सिम की एजेंसी संचालित करने वाले युवक ने सिम पोर्ट के लिए लगने वाले चार्ज की राशि मांगी तो युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। घटना में एजेंसी चलाने वाले युवक का भाई भी घायल हुआ है।

बड़नगर का रहने वाला शादाब पिता अनवर हुसैन 31 वर्ष अलग-अलग मोबाइल सिम की एजेंसी संचालित करता है। बड़नगर के ही रहने वाले शाहरुख ने अपनी सिम पोर्ट करने के लिए शादाब को कॉल किया। शादाब ने ऑनलाइन लगने वाला चार्ज मांगा जिसको लेकर शाहरुख ने पहले मोबाइल पर कहा कि ऐसे नहीं लगते हैं जिसको लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। कुछ देर बाद शाहरुख अपने तीन-चार साथियों के साथ उसकी एजेंसी पर पहुंचा और कैसे नहीं देने की बात को लेकर विवाद करते हुए हमला कर दिया। शादाब के साथ मारपीट होती देख छोटा भाई सोनू बीच बचाओ में आया तो उसे भी ब्लेड मार दी। दोनों भाइयों को घायल हालत में उपचार के लिए उज्जैन चरक लाया गया। पुलिस ने बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

### उज्जैन के एमआर की मौत

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में रहने वाला अखिलेश पिता चिंतामणि तिवारी एमआर था। वहां अपने साथी एम आर आशीष पिता सुरेंद्र जोशी निवासी इंदौर के साथ विजिट पर आगर मालवा गया था। सुसनेर के समीप उनकी कार सामने से आ रहे ट्राले से टकरा गई। घटना में अखिलेश की मौके पर मौत हो गई आशीष गंभीर रूप से घायल हुआ है। दुर्घटना की खबर मिलते ही दोनों के परिजन आगर मालवा पहुंच गए थे।

## छात्रा की जगह परीक्षा देते पकड़ाई इंदौर की युवती

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के वागदेवी भवन में छात्रा के स्थान पर इंदौर की युवती सॉल्वर बन परीक्षा दे रही थी। मामला उजागर होने पर पकड़ा गया और पुलिस ने उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि विक्रम विश्वविद्यालय वागदेवी भवन केंद्र अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार भरल ने शिकायत दर्ज कराई की बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर की सोमवार को परीक्षा आयोजित की गई थी इस दौरान कक्ष क्रमांक ए वन में संदिग्ध छात्र परीक्षा देते दिखाई दी। जिससे पूछताछ कर परीक्षार्थी छात्रा के फोटो से मिलान किया गया तो युवती सॉल्वर होना सामने आई। वह सपना भदौरिया के स्थान पर प्रश्न पत्र सॉल्व कर रही थी। पूछताछ में युवती ने बताया कि उसका नाम विशाखा पिता जयप्रकाश महेश्वरी निवासी यादव नगर इंदौर है। शिकायत पर इंदौर की युवती को गिरफ्तार कर मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 319(2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। ज्योति से पूछताछ की जा रही है उसका कहना था कि वह बीटेक की छात्रा है और बीकॉम की परीक्षा देने सपना की जगह आई थी। पुलिस के अनुसार सॉल्वर युवती से इस बात की जानकारी जुटा जा रही है कि उसे किसने परीक्षा के लिए बुलाया था और युवती को परीक्षा देने के आवाज में कितने रुपए मिले हैं।

### ऋषभ का सामने आया नाम

सॉल्वर के तौर पर पकड़ी गई युवती ने पूछताछ में खुलासा किया। उसने बताया कि उसकी पहचान ऋषभ नाम के युवक से है। जिसकी बहन सपना भदौरिया की जगह उसे परीक्षा देने बुलाया गया था। सपना ने उस पर दबाव बनाया और कहा कि फिलहाल परीक्षा दे दो, बाकी डील बाद में समझ लेंगे। इसी कारण वह इंदौर से उज्जैन परीक्षा देने पहुंची थी। ऋषभ ने उसे भरोसा दिलाया कि वह पहले भी तीन बार ऐसा काम कर चुका है, इसलिए कोई दिक्कत नहीं आएगी।

## अभिनेता गोविंद नामदेव ने लिया महाकाल का आशीर्वाद, नंदीजी को जल भी चढ़ाया



**उज्जैन।** नेता और अभिनेताओं का महाकाल में आना निरंतर जारी है। कोई नेता अपने लिए तो कोई देश और प्रदेश की प्रगति की प्रार्थना कर रहा है। वहीं अभिनेता अपनी आने वाली फिल्म के सफल होने की कामना कर अपना मत्था टेक रहा है। इसी क्रम में अभिनेता गोविंद नामदेव ने मंगलवार को उज्जैन आए। उन्होंने परिवार के साथ महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नंदीहाल में बैठकर उन्होंने पूजन संपन्न किया। नंदी जी को जल भी चढ़ाया। नामदेव बाबा महाकाल के भक्त है। पूर्व में भी कई बार दर्शन करने आ चुके है। कई बड़ी व चर्चित फिल्मों में वे विलेन के रोल में नजर आए है। वहीं टीवी सीरियलों में भी आते हैं।

## केंद्रीय जिला सहकारी बैंक के टूटे ताले, 4 संदिग्धों से पूछताछ

- लॉकर में रखे थे 85 लाख, बैंक से चुराकर ले गए सीपीयू

**उज्जैन।** खाचरौद में रविवार-सोमवार रात केंद्रीय जिला सहकारी बैंक के ताले टूट गये। बैंक में घुसने वालों ने बदमाशों ने बैंक डाटा से लोड़ सीपीयू गायब किया। जबकि लॉकर में 85 लाख रूपये रखे थे। जहां तक बदमाश पहुंच नहीं पाए थे। चपरासी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है

खाचरौद गल्ला मंडी के सामने जिला सहकारी बैंक में सोमवार सुबह चपरासी श्यामनारायण पहुंचा तो ताला टूटा मिला। मामले की सूचना बैंक अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों के आने पर पता चला कि ताला तोड़ने के बाद बदमाश अंदर पहुंचे थे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के साथ सभी कम्प्यूटर सिस्टम के तार काटे हैं। कैश लॉकर सुरक्षित है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के दौरान सामने आया कि ताला तोड़ने वाले बैंक डाटा से लोड़ सीपीयू अपने साथ ले गये है। पुलिस ने कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया तो कैमरे का डीवीआर भी अपडेट होना नहीं पाया गया। बैंक अधिकारियों से डीवीआर मांगा गया जिसकी साइबर तकनीक से जांच की जा रही है। मामले में एसआई ईश्वर जोशी ने बताया कि मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। आसपास लगे कैमरों के फुटेज भी देखने का प्रयास किया जा रहा है। चपरासी से पूछताछ में पता चला है कि वह रविवार को अवकाश होने पर बैंक आया था। वहीं थाना प्रभारी धन सिंह नलवाया ने बताया कि चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। मामले का खुलासा हो सकता है।

### एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आया युवक

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि मुखबिर सूचना के अनुसार पंचमुखी हनुमान मंदिर सावराखेड़ी क्षेत्र में एक व्यक्ति पीले रंग की शर्ट पहने हुए अवैध मादक पदार्थ लेकर बिक्री की फिराक में खड़ा था। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई, जहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का व्यक्ति मिला। उक्त व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम तनवीर उर्फ तनू पिता ताहिर शेख 21 वर्ष निवासी शाहजलालपुर बड़नगर बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक पारदर्शी पन्नी में हल्के पीले रंग का पाउडरनुमा पदार्थ बरामद हुआ। पंचों के समक्ष उक्त पदार्थ की पहचान अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के रूप में की गई। जिसका कुल वजन 15 ग्राम पाया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

## उज्जैन से शुरू हुई अनहद लोक कला यात्रा का समापन, कबीर की वाणी गूंजी

**उज्जैन।** मालवा अंचल की लोक परंपराओं, विशेषकर निर्गुण लोक गायकी और विविध कलाओं के संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से निकाली गई मालवांचल अनहद लोक कला यात्रा का समापन हो गया। अनहद लोक कला सांस्कृतिक शैक्षणिक साहित्यिक संस्थान उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय लोक कला को सशक्त मंच प्रदान करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है।



यात्रा का शुभारंभ उज्जैन के वृंदावन पुरा स्थित संत रविदास गुरुद्वारे से हुआ, जबकि मुख्य आयोजन देवास के विक्रम सभा एवं कला भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रातःकालीन सत्र में आयोजित परिचर्चा में कबीर परंपरा, निर्गुण वाणी और लोक संस्कृति की प्रासंगिकता पर गहन विमर्श किया गया। इसमें डॉ. सुरेश पटेल और तालवाद्य साधक अनुप सिंह बोरलिया ने लोक चेतना व सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर अपने विचार रखे। समापन समारोह में पद्मश्री पं. उमाकांत गुंदेचा, श्रीपाद जोशी, प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, भगवान सिंह परमार और अरुणा सोनी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। रामचंद्र गांगोलिया ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से लोक कला सहेजने के साथ कलाकारों को मंच और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा मिलता है।

### लोक गायन और वादन से बांधा समां

दोपहर के सत्र में मालवा अंचल के कलाकारों ने लोक गायन, वादन और पारंपरिक शैलियों की प्रस्तुति दी। इस दौरान कालूराम बामनिया की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा मुकेश मालवीय, मधुसूदन परमार, संतोष चक्रवर्तिया, स्नेहा गेहलोत, शिवानी सोनगरा और अजय-विजय गांगोलिया ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं की खूब दाद बटोरी।

## कलेक्टर से मिला लघुवेतन कर्मचारी संघ

**उज्जैन।** आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण और परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने की मांग को लेकर सोमवार को मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से मुलाकात की। दलित, ओबीसी, माइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों के जेके मालवीय और हेमराज घावरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्टर को कर्मचारियों की लंबित समस्याओं से अवगत कराया। रवि चौहान ने बताया कि कलेक्टर से मुलाकात के दौरान मुकेश रायकवार, भैरुलाल मालवीय तथा हरिवंश राय फातरोड़ प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## किकबॉक्सिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ खिलाड़ियों का चयन, बीमा चौराहा
- स्थित कान्हा परिसर में संपन्न हुआ



**उज्जैन।** जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन उज्जैन के तत्वावधान में 3 मई को बीमा चौराहा स्थित कान्हा परिसर में प्रथम जिला किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय स्पर्धा में एसोसिएशन से संबद्धता प्राप्त विभिन्न स्कूलों और क्लबों के 78 खिलाड़ियो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करुणा जैन, राजेंद्र राठौड़, रजनी नरवरिया, दुर्गे राम कवरेती और सचिव रवि यादव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्पर्धा के दौरान मुकाबलों में नेशनल रेफ़री मीनाक्षी चव्हाण, कोच व रेफ़री प्रियांशी नरवरिया और रेफ़री प्रिय सिंह चौहान ने मुख्य निर्णायक की जिम्मेदारी संभाली। इसके साथ ही आकाश सोलंकी, निरंजन सोलंकी, छवि दीक्षित और आयुषी गोसार ने भी निर्णायक की भूमिका निभाई। जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के आकाश वाडेकर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनित हुए खिलाड़ी 8 से 10 मई 2026 तक आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## राधा-कृष्ण मंदिर का संगमरमर से जीर्णोद्धार

- कटिया बाखल में सेवा समिति का
- पांच दिवसीय आयोजन

**उज्जैन।** शहर के कटिया बाखल स्थित 200 वर्ष प्राचीन भगवान श्री राधा-कृष्ण मंदिर का संगमरमर से भव्य जीर्णोद्धार किया गया है। इसके साथ ही कटिया समाज सेवा समिति द्वारा मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का रविवार, 3 मई को विधिवत समापन हो गया है।

इस संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में कटिया समाज सेवा समिति के फतेहचंद बाघेला, मांगीलाल चंवरासिया, घनश्याम नागमौतिया, विजय सिंह नागमौतिया और बाबूलाल अट्नेरिया का विशेष मार्गदर्शन रहा। इसके साथ ही समिति सदस्य ओमप्रकाश धर्मपुरिया, नंदकिशोर मालापुरी, ओमप्रकाश बड़गोतिया, मितेश नागमौतिया ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। मंदिर में प्रतिमाओं की स्थापना पूर्ण होने और महोत्सव के सफल आयोजन की यह जानकारी देवेंद्र बाघेला द्वारा दी गई।



### नारद जयंती पर हुई प्राण प्रतिष्ठा

विगत 29 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुरू हुए इस पांच दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को नारद जयंती के पावन अवसर पर मुख्य अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान स्थापित देवता हवन, यज्ञ कर्म, पूर्णाहुति और वसोधारा के साथ भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके पश्चात भगवान की महाआरती हुई और माधव सेवा न्यास (भारत माता मंदिर भोजन शाला) में आयोजित विशाल भंडारे में समाजजनों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

**मंदिर समिति की बैठक** ▸ मंदिर समिति 11 करोड़ के शेड लगाएगी, 29974.37 लाख का बजट मंजूर

## सुविधा : महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की फ्लैप बैरियर्स से एंट्री होगी

**उज्जैन।** महाकाल आने वाले समय में श्रद्धालुओं को फ्लैप बैरियर्स से एंट्री दी जाएगी। यह निर्णय मंदिर प्रबंध समिति की बैठक लिया गया है। महालोक कंट्रोल रूम स्थित मीटिंग हॉल में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आम श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर कई निर्णय लिए गए।

महालोक में 11 करोड़ के फैब्रिकेशन शेड स्थापित करेंगे। बैठक में बताया कि दर्शन और आरती की व्यवस्थाओं में तकनीकी बदलाव समिति पूर्व में ही कर चुकी है। संध्या एवं शयन आरती में शामिल होने के लिए प्री-बुकिंग की सुविधा है। समिति की वेबसाइट पर निःशुल्क अन्नक्षेत्र में ऑनलाइन दान देने, भगवान महाकाल को भोग लगाने की बुकिंग सुविधा भी उपलब्ध है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंदिर का सालाना बजट भी पारित किया जो कि 29974.37 लाख रुपए है। सिंहस्थ-2028 को देखते हुए 80 नई स्टील दानपेटियों 50 बड़ी, 30 छोटी के निर्माण का प्रस्ताव पास किया। दर्शनार्थियों की सुविधा दर्शन कतार प्रबंधन हेतु लगभग 1000 नग बेरिकेटस् के लिए राशि रुपये 259.00 लाख एवं अधिक वजन एवं उंचाई के स्टेनलेस स्टील बेरिकेट्स बनवाए जाने हेतु राशि रूपये 59.14 लाख स्वीकृत की गई।

मंदिर कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के साथ वेतन भुगतान का अनुमोदन किया। मंदिर कंट्रोल रूम एवं महाकाल महालोक कंट्रोल रूम के एकीकरण, विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मंदिर में आम दर्शन की व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाने हेतु आगामी समय में क्यूआर कोड पर आधारित फ्लैप बैरियर्स स्थापित किए जाएंगे।



### बैठक में यह लोग मौजूद रहे

बैठक में पुलिस एसपी प्रदीप शर्मा, मंदिर परिसर में स्थित महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरि महाराज, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एडीएम अतेंद्र सिंह, डॉ. सीमा शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सिंहस्थ 2028 को लेकर अपने विभाग स्तर पर की जा रही तैयारियों को सुझाव दिए।